दैनिक नवज्योति Ajmer City - 17 Jul 20

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का स्थापना दिवस मनाया

अजमेर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 93वां स्थापना दिवस शुक्रवार को राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र पर मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ निदेशक डॉ. एस. सक्सेना द्वारा किया गया। डॉ. सक्सेना ने संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राष्ट्र हित एवं समाज हित में अपने कर्तव्यों के निर्वहन का आह्वान किया। निदेशक एवं समस्त स्टाफ ने क्षेत्र में पौधरोपण किया एवं

अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी ली। परिषद् के दिल्ली स्थित मुख्यालय पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा द्वारा 'हर मेड पर पेड़' अभियान द्वारा कृषकों को वृक्षारोपण एवं कृषि वानिकी के लाभ बताए। इस अवसर पर डॉ. श्याम एस. मीना, डॉ वायके शर्मा, डॉ. बीके मिश्र, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. कृष्णकांत, जीके त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद थे। प्रभारी डॉ. आरएस. मीना के द्वारा

पौधरोपण कर मनाया स्थापना दिवस

सराधना @ पत्रिका. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 93वां स्थापना दिवस परिषद के अजमेर स्थित राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसन्धान केंद पर मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ निदेशक डॉ. एस सक्सेना द्वारा मौलश्री से किया गया। एनआरसीएसएस के समस्त स्टाफ ने भी पौधे रोपकर देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर वैज्ञानिक/अधिकारी डॉ श्याम एस मीना, डॉ वाय के शर्मा, डॉ बी के मिश्र, डॉ रविन्द्र सिंह, डा कृष्णकांत, जी के त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।